**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के प्रबन्ध बोर्ड की दिनांक 15 फरवरी, 2019 को पूर्वान्ह 12.00 बजे विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में सम्पन्न हुयी बैठक 2019/01 (संख्या इक्कीसवीं) की कार्यवृत्त।**

बैठक में उपस्थिति निम्नवत रही:-

1. प्रो0 श्री निवास सिंह, - अध्यक्ष
   कुलपति,
   मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

2. प्रो0 राम अचल सिंह, - सदस्य
   पूर्व कुलपति, राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय,
   फैजाबाद (राज्य सरकार नामिती)

3. प्रो0 राम लखन सिंह, - सदस्य
   आचार्य एवं डीन फैकल्टी आफ साइंस,
   डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय,
   फैजाबाद। (राज्य सरकार नामिती)

4. प्रो0 डी0के0 द्विवेदी, - सदस्य
   अधिष्ठाता, स्नातक अध्ययन एवं उद्यमिता
   म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर (राज्य सरकार नामिती)

5. प्रो0 ए0एन0 तिवारी, - सदस्य
   अधिष्ठाता छात्र मामले
   म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर (राज्य सरकार नामिती)

6. ई0 एस0के0 अग्रवाल, - सदस्य
   प्रबन्ध निदेशक,
   मेसर्स एस0के0 केमिकल्स, गोरखपुर (राज्य सरकार नामिती)

7. श्री जयराम सिंह - सदस्य
   अपर निदेशक, कोषागार गोरखपुर
   प्रतिनिधि प्रमुख सचिव (वित्त)
   वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ

8. डा0 सरोज कुमार, - सदस्य
विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,
प्रतिनिधि प्रमुख सचिव,
प्राविधिक शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ

9. डा0 अश्विनी कुमार मिश्र, - सदस्य
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर
प्रतिनिधि प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ

10. प्रो0 एस0के0 श्रीवास्तव, - विशेष आमंत्री
अधिष्ठाता, नियोजन, श्रोत जनन एवं एल्युमनाई संबंध
म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

11. प्रो0 के0जी0 उपाध्याय, - विशेष आमंत्री
अधिष्ठाता, परास्नातक अध्ययन, शोध एवं विकास,
म0मो0मा0प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

12. श्री अमर सिंह, - विशेष आमंत्री
वित्त नियंत्रक
म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

13. प्रो0 उमेश चन्द्र जायसवाल, - सचिव
कुलसचिव
म0मो0मा0 प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर

प्रो0 जय प्रकाश लाल, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, प्रो0 उदय शंकर, आचार्य, कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग, म0मो0मा0प्रौ0वि0 तथा प्रो0 डी0के0 सिंह, आचार्य, यांत्रिक अभियंत्रण विभाग, म0मो0मा0प्रौ0वि0 द्वारा अपरिहार्य कारणों से भाग नहीं लिया जा सका।

2019/1.01 <u>अध्यक्ष, प्रबन्ध बोर्ड, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के प्रारम्भिक अभियुक्ति को अंकित किया जाना।</u>

1. विश्वविद्यालय की पॉचवीं वर्षगॉठ एवं स्थापना दिवस कार्यक्रम दिनांक 1.12. 2018 को आयोजित हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में श्री आलोक नन्दन, कार्यकारी निदेशक, ओ0एन0जी0सी0 मुम्बई तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रो0 जे0पी0 सैनी, कुलपति, नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, नई दिल्ली उपस्थित रहे। इस अवसर पर मालवीय प्रवेश परीक्षा-2018 में टाप 20 छात्र एवं 20 छात्राओं को टेबलेट तथा स्वर्ण पदक वितरित किये गये।

2. विश्वविद्यालय में अध्ययन विद्यार्थियों के सत्र 2018-19 के प्रथम सेमेस्टर के थियरी परीक्षा का परीक्षाफल घोषित किया गया तथा तदोपरान्त द्वितीय सेमेस्टर में अध्ययन हेतु विद्यार्थियों का पंजीकरण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

3. मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर का वार्षिक एल्युमनाई मीट- 2018 दिनांक 25 - 26 दिसम्बर, 2018 को आयोजित कराया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्ववर्ती मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कालेज, गोरखपुर में 15 वर्ष से अधिक तक प्राचार्य के रुप में सेवा कर चुके प्रो0 बी0एन0शर्मा आमंत्रित किये गये थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रो0 बी0एन0 शर्मा, पूर्व प्राचार्य को प्रथम लाइफ टाइम टीचर्स अचिवमेंट एवार्ड-2018 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रो0 आर0सी0 गोयल, पूर्ववर्ती इंजीनियरिंग कालेज के संस्थापक विभागाध्यक्ष, विद्युत अभियंत्रण विभाग उपस्थित रहे।

4. मालवीय एल्युमनाई मीट के दौरान ही एल्युमनाई एसोसियेशन की ओर से डा0 आर0के0 सिंह, इक्सक्यूटिव डाईरेक्टर, एन0टी0पी0सी0 को विशिष्ट मालवीय एल्युमनाई सम्मान से सम्मानित किया गया।

5. विश्वविद्यालय के भवन एवं कार्य समिति की बैठक दिनांक 4 दिसम्बर, 2018 को सम्पन्न करायी गयी।

6. माननीय कुलाधिपति महोदय के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के सभा की चतुर्थ अधिवेशन दिनांक 11 दिसम्बर, 2018 को आयोजित किया गया।

7. विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष एवं फोरमैन इंसट्रक्टर रिक्त के पदों पर नियुक्ति हेतु चयन समिति की बैठकें दिनांक 28 जनवरी, 2019 को आहूत की गयी थी तथा विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव एवं सहायक कुलसचिव के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु चयन समिति की बैठकें दिनांक 14 फरवरी, 2019 को आहूत की गयी। प्रकरण पृथक से कार्यसूची में प्रस्तुत है।

8. विश्वविद्यालय के लिए विभिन्न स्वर्ण पदक एवं छात्रवृत्ति की स्थापना करायी गयी तथा उनके लिए समझौता करार पर हस्ताक्षर किये गये। प्रकरण पृथक से कार्यसूची में प्रस्तुत है।

9. विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षकों एवं अधिकारियों को विजिटिंग कार्ड की छपाई कराकर कार्ड उपलब्ध कराया जा रहा है।

10. विश्वविद्यालय के दो संकाय सदस्य प्रो0 डी0के0 सिंह, आचार्य, यांत्रिक अभियंत्रण विभाग एवं प्रो0 उदय शंकर, आचार्य, कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग का चयन भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय

द्वारा प्रायोजित Leadership of Academician Program के लिये हुआ है, जिसमें प्रो0 डी0के0 सिंह का चयन यू0एस0ए0 के लिए तथा प्रो0 उदय शंकर का चयन National University of Singapore (NUS) के लिए हुआ है।

11. विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से 12बी की मान्यता प्राप्त किये जाने अभातशिप से तथा एन0बी0ए0 एक्रीडिटेशन हेतु कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है।

12. विश्वविद्यालय में केमिकल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम की छात्रा कु0 अन्जू तिवारी को University of Windor, Canada में समर इनटर्नशिप के लिये चयनित किया गया।

13. विश्वविद्यालय एवं राईक्यूस विश्वविद्यालय, जापान के साथ हुये समझौता करार के तहत राईक्यूस विश्वविद्यालय, जापान के दो छात्रायें 1 माह के प्रशिक्षण हेतु विश्वविद्यालय में16 फरवरी, 2019 को आ रहे हैं।

14. विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाने वाला राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम तृतीय Malaviya Research Conclave- 2019 का आयोजन दिनांक 24 - 26 फरवरी, 2019 के मध्य कराया जाना निर्धारित है।

15. विश्वविद्यालय का नवीन प्रशासनिक भवन के निर्माण एवं 210 क्षमता की महिला छात्रावास के निर्माण का अनुमोदन राज्य सरकार से प्राप्त हो चुका है।

16. विश्वविद्यालय के लिए 30 अदद टाइप-तृतीय आवास, 240 क्षमता के पुरुष छात्रावास के निर्माण तथा छात्रावासों के आलमारियों के मरम्मत का प्रस्ताव स्वीकृति हेतु राज्य सरकार को भेजा गया है।

17. विश्वविद्यालय का वार्षिक क्रीडा समारोह दिनांक 1- 2 फरवरी, 2019 को आयोजित कराया गया है, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में ई0 राजीव कुमार, CEO, HAL लखनऊ उपस्थित रहे।

18. विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 श्री निवास सिंह को निम्नलिखित हेतु नियुक्ति प्रदान की गयी है:-

- IEEE R10 Vice-Chair Technical Activity - 2019
- IEEE India Council Chairman – 2019

19. विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 श्री निवास सिंह को Power & Energy Society के लिए IEEE Distinguished Lecturer नियुक्त किया गया है।

20. छात्रों/शिक्षकों के आदा-प्रदान एवं शैक्षणिक उन्नति के लिये University of Wisconsin – Green Bay USA एवं North Dakota State University, Fargo, USA के मध्य शासन के अनुमोदन के उपरान्त समझौता कराकर हुआ। प्रकरण पृथक से कार्यसूची में प्रस्तुत है।

2019/1.02 **विश्वविद्यालय की प्रबन्ध बोर्ड की दिनांक 28.11.2018 को सम्पन्न हुयी 2018/04 बैठक (संख्या बीसवीं) के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा दिनांक 28.11.2018 को सम्पन्न हुयी 2018/4 बैठक (संख्या बीसवीं) के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

2019/1.03 **विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड की दिनांक 28.11.2018 को सम्पन्न हुयी 2018/04 बैठक (संख्या बीसवीं) में लिए गए निर्णयों को क्रियान्वित किए जाने का विवरण।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय प्रबन्ध बोर्ड की दिनांक 28.11.2018 को सम्पन्न हुयी 2018/4 बैठक (संख्या बीसवीं) में लिये गये निर्णयों को क्रियान्वित किये जाने के विवरण से अवगत हुयी।

2019/1.04 **विश्वविद्यालय के विद्या परिषद की दिनांक 7.2.2019 को सम्पन्न हुयी 2019/01 बैठक (संख्या पन्द्रहवीं) की कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय के विद्या परिषद की दिनांक 7.2.2019 को सम्पन्न हुयी 2019/1 बैठक संख्या पन्द्रहवीं में लिए गए निर्णय के मुख्य विन्दुओं से माननीय सदस्यों को अवगत कराया गया। प्रबन्ध बोर्ड द्वारा अवगत होने के उपरान्त कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

2019/1.05 **विश्वविद्यालय के वित्त समिति की दिनांक 15.2.2019 को सम्पन्न हुयी त्रयोदश बैठक की कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय के वित्त समिति की दिनांक 15.2.2019 को सम्पन्न हुयी त्रयोदश बैठक में लिए गए निर्णय के मुख्य विन्दुओं से माननीय सदस्यों को अवगत कराया गया। प्रबन्ध बोर्ड द्वारा अवगत होने के उपरान्त कार्यवृत्त *(संलग्नक-1)* पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

2019/1.06 **विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पंचम स्थापना दिवस समारोह एवं मालवीय एल्युमनाई एसोसियेशन समागम-2018 के आयोजन की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड दिनांक 1 दिसम्बर, 2018 को आयोजित विश्वविद्यालय के पंचम स्थापना दिवस समारोह एवं दिनांक 25-26 दिसम्बर, 2019 को आयोजित मालवीय एल्युमनाई एसोसियेशन समागम-2018 के आयोजन की सूचना से अवगत हुयी तथा उक्त अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा दिये जाने सम्मान की सराहना की गयी।

2019/1.07 **विश्वविद्यालय में कार्यरत तकनीकी संवर्ग एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की पदोन्नति हेतु गठित समिति की संस्तुतियों पर विचार।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय में कार्यरत तकनीकी संवर्ग के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की पदोन्नति हेतु समिति द्वारा की गयी संस्तुतियों के अनुरुप में निम्नवत पर अनुमोदन प्रदान किया गया:-

| क्रमांक | नाम | वर्तमान में धारित पदनाम एवं वेतनमान | पदोन्नति हेतु प्रस्तावित पदनाम एवं वेतनमान |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री ध्रुपचन्द्र | मानचित्रक<br>रू0 5,200-20,200<br>ग्रेड वेतन - 2800 | वरिष्ठ प्रयोगशाला प्रशिक्षक (SLT/SWI)<br>रू0 9,300-34,800<br>ग्रेड वेतन - 4200 |
| 2. | श्री अशोक कुमार | कनिष्ठ कार्यशाला प्रशिक्षक<br>रू0 5,200-20,200<br>ग्रेड वेतन - 2800 | -तदैव- |
| 3. | श्री कृष्ण मुरारी पाठक | मैकेनिक ग्रेड - ए<br>रू0 5,200-20,200<br>ग्रेड वेतन - 2800 | कनिष्ठ प्रयोगशाला प्रशिक्षक (JLT/JWI)<br>रू0 5,200-20,200<br>ग्रेड वेतन - 2800 |
| 4. | श्री श्याम सुन्दर | -तदैव- | -तदैव- |
| 5. | श्री अशोक कुमार मिश्र | -तदैव- | -तदैव- |
| 6. | श्री जय प्रकाश पाण्डेय | मैकेनिक ग्रेड - बी<br>रू0 5,200-20,200<br>ग्रेड वेतन - 1900 | मैकेनिक ग्रेड - ए<br>रू0 5,200-20,200<br>ग्रेड वेतन - 2800 |
| 7. | श्री नरेन्द्र सिंह | -तदैव- | -तदैव- |
| 8. | श्रीमती इन्द्रा श्रीवास्तव | कनिष्ठ सहायक<br>रू0 5,200-20,200<br>ग्रेड वेतन - 2000 | वरिष्ठ सहायक<br>रू0 5,200-20,200<br>ग्रेड वेतन - 2800 |
| 9. | श्री कृष्ण मनोहर गुप्ता | -तदैव- | -तदैव- |
| 10. | श्री चन्द्रशेखर उपाध्याय | -तदैव- | -तदैव- |
| 11. | श्री राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव | -तदैव- | -तदैव- |
| 12. | श्री जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता | -तदैव- | -तदैव- |
| 13. | श्री अशोक कुमार शाही | -तदैव- | -तदैव- |
| 14. | श्री विश्व विजय सिंह | -तदैव- | -तदैव- |
| 15. | श्री राम बहाल यादव | -तदैव- | -तदैव- |
| 16. | श्रीमती शादमा मिर्जा | -तदैव- | -तदैव- |
| 17. | श्री सभाजीत मिश्रा | वरिष्ठ सहायक<br>रू0 5,200-20,200<br>ग्रेड वेतन - 2800 | प्रधान सहायक<br>रू0 9,300-34,800<br>ग्रेड वेतन - 4200 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18. | श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव | प्रधान सहायक<br>रू0 9,300-34,800<br>ग्रेड वेतन - 4200 | प्रशासनिक अधिकारी<br>रू0 9,300-34,800<br>ग्रेड वेतन - 4600 |
| 19. | श्री मनोज बालोनी | सम्परीक्षा सहायक<br>रू0 5,200-20,200<br>ग्रेड वेतन - 2000 | सहायक लेखाकार<br>रू0 5,200-20,200<br>ग्रेड वेतन - 2800 |

**2019/1.08 विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति, प्रो0 श्री निवास सिंह द्वारा दिनांक 5-9 दिसम्बर, 2018 को श्रीलंका में आयोजित IEEE Region10 Humanitarian Technology Conference (R10-HTC) 2018, दिनांक 12 जनवरी, 2019 को सिंगापुर में आयोजित IEEE Region 10 EXCOM Meeting तथा दिनांक 3-5 फरवरी, 2019 को दुबई में आयोजित IEEE Conference AICAI'2019 में प्रतिभाग किये जाने की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो0 श्री निवास सिंह द्वारा दिनांक 5-9 दिसम्बर, 2018 को देश के बाहर श्रीलंका में आयोजित IEEE Region10 Humanitarian Technology Conference (R10HTC) 2018, दिनांक 12 जनवरी, 2019 को सिंगापुर में आयोजित IEEE Region 10 EXCOM Meeting तथा दिनांक 3-5 फरवरी, 2019 को दुबई में आयोजित IEEE Conference AICAI'2019 में राज्य सरकार से प्राप्त अनापत्ति के उपरान्त प्रतिभाग किये जाने की सूचना से अवगत हुयी। इन यात्राओं का यात्रा-भत्ता IEEE तथा Amity University, Noida द्वारा वहन किया गया है।

**2019/1.09 विश्वविद्यालय के लिए अधिष्ठाताओं एवं समनवयक, तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम की नियुक्त से संबंधित कृत कार्यवाही की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड विश्वविद्यालय हित में अधिष्ठाताओं एवं समन्वयक तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम की निम्नवत नियुक्ति से संबंधित कृत कार्यवाही की सूचना से अवगत होने की कृपा करे।

1. प्रो0 के0जी0 उपाध्याय, डीन पी0जी0 एवं आर0एण्ड डी0
2. प्रो0 डी0के0 द्विवेदी, डीन यू0जी0एस0 एण्ड ई0
3. श्री डी0एस0 सिंह, सहायक अधिष्ठाता (छात्रावास)
4. प्रो0 यू0सी0 जायसवाल, समन्वयक, टेक्विप-III
5. प्रो0 सुधीर कुमार श्रीवास्तव, सतर्कता अधिकारी
6. प्रो0 ए0के0 पाण्डेय, विभागाध्यक्ष, विद्युत अभियंत्रण विभाग

**2019/1.10 विश्वविद्यालय के लिए सृजित वरिष्ठतम उपलब्ध अभियंता पदनाम को उसी वेतनमान में बिना किसी वित्तीय लाभ के नाम परिवर्तित कर विश्वविद्यालय अभियंता (University Engineer) किये जाने के प्रस्ताव पर विचार।**

प्रबन्ध बोर्ड विश्वविद्यालय में सृजित अभियंताओं के पदो मे से कार्यरत वरिष्ठतम अभियंता के पदनाम को उसी वेतनमान एवं ग्रेड में परिवर्तित कर विश्वविद्यालय

अभियंता (University Engineer) किये जाने के प्रस्ताव पर शासन से अनुमोदन प्राप्त कर कार्यवाही किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी।

2019/1.11 **श्री श्रीकान्त, वैयक्तिक सहायक कुलपति के दिनांक 31 जनवरी, 2019 के अपरान्ह से सेवानिवृत्त होने के उपरान्त से कार्य विस्तार/पुनर्नियोजित किये जाने के प्रस्ताव पर विचार।**

विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक द्वारा शासन के वित्त एवं कार्मिक विभाग के नियमों के अनुसार तथा विश्वविद्यालय के परिनियमावली के अनुसार एक प्रस्ताव तैयार कर माननीय कुलपति महोदय को अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया जायेगा, जिस पर कृत कार्यवाही से आगामी प्रबन्ध बोर्ड को सूचित किया जायेगा।

2019/1.12 **विद्या परिषद के निर्णयानुसार छात्रों से पंजीकरण हेतु ली जाने वाली शुल्क रु0 6000.00 को आगामी सत्र 2019-20 से लागू किये जाने पर विचार।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों से पुनः पंजीकरण शुल्क के रुप में रु0 6000.00 की धनराशि को सत्र 2019-20 से लागू किये जाने प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

2019/1.13 **डा0 लाल बहादुर प्रसाद, सहायक आचार्य के प्रकरण पर माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा पारित आदेश एवं डा0 प्रसाद द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में दायर वाद के परिपेक्ष्य में इनको स्वीकृत लाभ के संबंध में विचार।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा प्रस्ताव को स्थगित रखने का निर्णय लिया गया। इस प्रकरण पर ग्रीवान्स कमेटी की स्पष्ट टिप्पणी प्राप्त करते हुये प्रबन्ध बोर्ड की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

2019/1.14 **मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर तथा University of Wisconsin – Green Bay, USA के साथ किये गये समझौता करार की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड University of Wisconsin – Green Bay, USA के साथ छात्रों के आदान-प्रदान तथा संयुक्त रुप से विभिन्न शैक्षणिक क्रिया-कलापों के क्रियान्वयन हेतु किये गयें समझौता करार (Memorandum of Understanding) की सूचना से अवगत हुयी।

2019/1.15 **मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर तथा नार्थ डकोटा स्टेट यूनिवर्सिटी, यूनाईटेड स्टेट आफ अमेरिका के साथ किये गये समझौता करार की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड नार्थ डकोटा स्टेट यूनिवर्सिटी, यूनाईटेड स्टेट आफ अमेरिका के साथ विभिन्न शैक्षणिक क्रिया-कलापों के क्रियान्वयन हेतु किये गये समझौता करार (Memorandum of Understanding) की सूचना से अवगत हुयी।

2019/1.16 **ई0 राधेश्याम सिंह, एल्युमनाई द्वारा बी0टेक0 मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग हेतु स्थापित "R.S.Singh–ME'69 Gold Medal" दिये जाने हेतु किये गये समझौता करार की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय के यांत्रिक अभियंत्रण विभाग के पुरातन छात्र ई0 राधेश्याम सिंह द्वारा बी0टेक0 मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के टापर छात्र हेतु "R.S.Singh – ME'69 Gold Medal" दिये जाने हेतु किये गये समझौता करार के विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

2019/1.17 **श्रीमती मंजू सिंह पत्नी डा0 प्रदीप कुमार सिंह, एल्युनामई द्वारा बी0टेक0 इनफारमेशन टेक्नालाजी विभाग हेतु स्थापित "Late Sri Ganesh Prasad Shahi Memorial Gold Medal" दिये जाने हेतु किये गये समझौता करार की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा श्रीमती मंजू सिंह पत्नी डा0 प्रदीप कुमार सिंह, एल्युमनाई द्वारा बी0टेक0 इनफारमेशन टेक्नालोजी विभाग हेतु "Late Sri Ganesh Prasad Shahi Memorial Gold Medal" दिये जाने हेतु किये गये समझौता करार के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

2019/1.18 **प्रो0 प्रदीप कुमार सिंह, आचार्य, कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एम0टेक0 CSE and ITCA हेतु स्थापित "Sri Jagannath Singh Gold Medal" दिये जाने हेतु किये गये समझौता करार की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के आचार्य, प्रो0 पी0के0 सिंह द्वारा अपने पिताजी के नाम पर एम0टेक0 CSE and ITCA हेतु "Sri Jagannath Singh Gold Medal" दिये जाने हेतु किये गये समझौता करार के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

2019/1.19 **ई0 अश्विनी कुमार शुक्ला पुत्र श्री केशव देव शुक्ला, वाराणसी द्वारा बी0टेक0 द्वितीय वर्ष केमिकल इंजीनियरिंग हेतु स्थापित "Suman Shukla Memorial Scholarship" दिये जाने हेतु किये गये समझौता करार की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा ई0 अश्विनी कुमार शुक्ला पुत्र श्री केशव देव शुक्ला, वाराणसी द्वारा विश्वविद्यालय के बी0टेक0 द्वितीय वर्ष केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के Meritorious and Economically Weaker छात्र को "Suman Shukla Memorial Scholarship" दिये जाने हेतु किये गये समझौता करार के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

2019/1.20 **श्री अमित शंकर, सहायक अभियंता के निलम्बन एवं श्री शंकर द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में दायर किये गये वाद में हुये निर्णय के उपरान्त कृत कार्यवाही की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड विश्वविद्यालय के सहायक अभियंता श्री अमित शंकर के प्रकरण में विश्वविद्यालय द्वारा कृत कार्यवाही की सूचना से अवगत हुयी। श्री अमित शंकर के पक्ष में देयक ए0सी0पी0 इत्यादि दिये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

2019/1.21 **विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे विभिन्न श्रोतों से प्राप्त अनुदान के सापेक्ष चल रहे निर्माण कार्यो की अद्यावधिक (Uptodate) स्थिति एवं वित्तीय प्रगति आख्या की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे विभिन्न श्रोतों से चल रहे निर्माण कार्यो की अद्यावधिक स्थिति एवं प्रगति आख्या से अवगत हुयी तथा यह सुझाव दिया गया कि निर्माण कार्यो को त्वरित गति से पूर्ण करवाया जाय।

2019/1.22 **माननीय उच्च न्यायालय एवं अन्य न्यायालयों में चल रहे विश्वविद्यालय से संबंधित वादों की अद्यावधिक (Uptodate) स्थिति की सूचना।**

प्रबन्ध बोर्ड विश्वविद्यालय के कतिपय शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्रों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय एवं अन्य न्यायालयों में दायर किये गये वाद की स्थिति से अवगत हुयी।

2019/1.23 **विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष, फोरमैन इंसट्रक्टर, सहायक कुलसचिव तथा उप कुलसचिव पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 28.1.2019 तथा दिनांक 14.2.2019 को आयोजित चयन समितियों की बैठकों द्वारा संस्तुत पैनल व पैनल के अनुसार इन पदों पर नियुक्तियाँ किए जाने के प्रस्ताव पर विचार एवं अनुमोदन।**

प्रबन्ध बोर्ड विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष, फोरमैन इंसट्रक्टर, सहायक कुलसचिव तथा उप कुलसचिव के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 28.1.2019 तथा 14.2.2019 को आहूत की गयी चयन समिति की बैठकों द्वारा संस्तुत पैनल के अनुसार निम्नवत अनुमोदन प्रदान किया गया:-

<u>पुस्तकालयाध्यक्ष (अनारक्षित)</u>

डा0 विवेक कुमार यादव - दो अतिरिक्त वेतनवृद्धि सहित

<u>फोरमैन इंस्ट्रक्टर (अनारक्षित)</u>

श्री बृजेश सिंह

<u>उप कुलसचिव (अनारक्षित)</u>

श्री देवेन्द्र कुमार गोस्वामी

सहायक कुलसचिव (अनारक्षित)
श्री प्रदीप कान्त सिंह
सहायक कुलसचिव (ओ0बी0सी0)
श्री मुदित यादव

2019/1.24 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद
विश्वविद्यालय के प्रयुक्त विज्ञान विभाग के शिक्षक, प्रो0 डी0के0 द्विवेदी, आचार्य (भौतिकी) को Chulalongkorn University, Bankok, Thailand में दिनांक 8-11 जुलाई, 2019 की अवधि में आयोजित अन्तर्राष्टीय कान्फ्रेंस में भाग लेने हेतु जाने के लिए अनुमति दिये जाने के प्रस्ताव पर विचार एवं अनुमोदन।

प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय के प्रयुक्त विज्ञान विभाग के शिक्षक, प्रो0 डी0के0 द्विवेदी, आचार्य (भौतिकी) को दिनांक 8-11 जुलाई, 2019 के मध्य Chulalongkorn University, Bankok, Thailand में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में पेपर प्रस्तुत किये जाने तथा एन0पी0आई0यू0 दिल्ली के अनुमोदनोपरान्त (TEQIP) मद से पंजीकरण, यात्रा-भत्ता, वीजा शुल्क आदि हेतु रु0 102000.00 (रुपये एक लाख दो हजार मात्र) का भुगतान किये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करते हुये दिनांक 6-12 जुलाई, 2019 तक अवकाश स्वीकृत किये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। प्रकरण पर चर्चा/विचार-विमर्श के दौरान प्रो0 डी0के0 द्विवेदी जो प्रबन्ध बोर्ड के सदस्य हैं, स्वर्ण जयन्ती सभागार से बाहर चले गये थे।

बैठक अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापनोपरान्त समाप्त हुयी।

15/02/19
(प्रो0 यू0सी0 जायसवाल)
सचिव
कुलसचिव, म0मो0मा0प्रौ0वि0, गोरखपुर

अनुमोदित

15.2.19
(प्रो0 श्री निवास सिंह)
अध्यक्ष
कुलपति, म0मो0मा0प्रौ0वि0, गोरखपुर

**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की वित्त समिति की दिनांक 15.02.2019 को विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में प्रातः 11.00 बजे सम्पन्न हुई 2019/1 (तेरहवीं) बैठक की कार्यवृत्त।**

बैठक में उपस्थिति निम्नवत् रही :–

1. प्रो0 श्री निवास सिंह — अध्यक्ष
   कुलपति,
   मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

2. डा0 सरोज कुमार, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, — सदस्य
   प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,
   उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

3 श्री जयराम सिंह, अपर निदेशक कोषागार एवं पेशन गोरखपुर मण्डल, — सदस्य
   गोरखपुर। प्रतिनिधि प्रमुख सचिव (वित्त) वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश,
   शासन, लखनऊ।

4. प्रो0 राम अचल सिंह, — सदस्य
   पूर्व कुलपति राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय,
   फैजाबाद।

5. प्रो0 यू0सी जायसवाल, — सदस्य
   कुलसचिव,
   मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर।

6. प्रो0 के0जी0 उपाध्याय, — विशेष आमंत्रित सदस्य
   अधिष्ठाता परास्नातक,अध्ययन एवं शोध एवं बिकास
   मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर।

7. प्रो0 डी0के0 द्विवेदी, — विशेष आमंत्रित सदस्य
   अधिष्ठाता स्नातक, अध्ययन एवं उद्यमिता
   मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर।

8. प्रो0 एस0के0 श्रीवास्तव, — विशेष आमंत्रित सदस्य
   अधिष्ठाता नियोजन, श्रोतजनन एवं अल्युमिनायी सम्बन्ध
   मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

15.02.19

9. प्रो0 ए0एन तिवारी , विशेष आमंत्रित सदस्य
अधिष्ठाता छात्र कल्याण मामले,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

10. श्री अमर सिंह, सदस्य/सचिव
वित्त नियंत्रक,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

प्रो0 डी0के0 सिंह,
अधिष्ठाता संकाय मामले, विशेष आमंत्रित सदस्य अपरिहार्य कारणवश वैठक में उपस्थित नही रहे।

## वित्त समिति की तेरहवीं बैठक की कार्यवृत्त निम्नवत् है।

**13–01 वित्त समिति की दिनांक 28.11.2018 को सम्पन्न हुई बारहवीं बैठक की कार्यवृत्ति पुष्टि का प्रस्ताव।**

समिति को अवगत कराया गया कि वित्त समिति की बारहवीं बैठक की कार्यवृत्त सभी सदस्यो को प्रेषित की गई थी, जिस पर मा0 सदस्यो द्वारा कोई आपत्ति दर्ज नही कराई गई। अतः समिति द्वारा प्रस्तुत विवरण के अवलोकनोपरान्त वित्त समिति की बारहवी् बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**13–02 मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बारहवीं बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति द्वारा वित्त समिति की बारहवी् बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण का अवलोकन करते हुए सहमति व्यक्त की गयी।

**13–03 विश्वविद्यालय का वर्ष 2018–19 का पुनरीक्षित बजट प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त विश्वविद्यालय का वर्ष 2018–19 का पुनरीक्षित बजट रु. 4318.35 लाख एवं वर्ष 2019–20 का अनुमानित बजट प्रस्ताव रु. 5839.37 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

15.02.19

**13–04 वित्त समिति की बारहवीं बैठक में वित्तीय वर्ष 2019–20 का स्वीकृत अनुमानित बजट में संशोधन किये जाने का प्रस्ताव**

विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 28.11.2018 को सम्पन्न हुई बैठक में निर्णयानुसार वित्तीय वर्ष 2019–20 का स्वीकृत अनुमानित बजट रु. 5275.25 लाख में संशोधन कर रु. 5839.37 लाख किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

समिति द्वारा उक्त संशोधित प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

**13–05 परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में फोटो कापी मशीन, पेपर कटर मशीन क्रय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में फोटो कापी मशीन, पेपर कटर मशीन क्रय किये जाने के प्रस्ताव रु. 4.25 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

**13–06 प्रयुक्त विज्ञान विभाग में साफ्टवेयर, कम्प्यूटर, ए.सी. लैब में उपकरण एवं फर्नीचर आदि के क्रय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा प्रयुक्त विज्ञान विभाग में साफ्टवेयर, कम्प्यूटर, ए.सी. लैब में उपकरण एवं फर्नीचर क्रय किये जाने के प्रस्ताव पर रु. 106.80 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

**13–07 केमिकल इंजी0 विभाग के प्रयोगशालाओं में लगे एल.सी.डी. प्रोजेक्टर हेतु आवश्यक उपकरण प्रयोगशाला फर्नीचर एवं विभागीय पुस्तकालय के लिए पुस्तके आदि के क्रय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा केमिकल इंजी0 विभाग के विभिन्न प्रयोगशालाओं में लगे एल.सी.डी. प्रोजेक्टर हेतु आवश्यक उपकरण प्रयोगशाला फर्नीचर एवं विभागीय पुस्तकालय के लिए पुस्तके आदि के क्रय किये जाने पर रु. 35.00 लाख के प्रस्ताव का अवलोकन करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

**13–08 विद्युत अभियंत्रण विभाग में विभागाध्यक्ष के कार्यालय हेतु एक प्रिन्टर, ए.सी., रिवाल्विंग चेयर आदि के क्रय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचारोपरान्त विद्युत अभियंत्रण विभाग में विभागाध्यक्ष के कार्यालय हेतु एक प्रिन्टर, ए.सी., रिवाल्विंग चेयर आदि क्रय के प्रस्ताव पर रु. 2.30 लाख के सापेक्ष ए.सी. को छोडकर अन्य प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

15.02.19

**13–09 विश्वविद्यालय में छात्र/छात्राओं के हितार्थ गम्भीर बीमारी के इलाज/आपरेशन की स्थिति में अधिकतम रु. 50000.00 एवं मृत्यु के दशा में रु. 100000.00 की आर्थिक सहायता दिये जाने का प्रस्ताव।**

समिति समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में छात्र–छात्राओं के हितार्थ विभिन्न गम्भीर आपदाओं तथा गम्भीर बीमारी के इलाज/आपरेशन तथा शिक्षा में बाधा की स्थिति में अधिकतम रु. 50000.00 तक प्रति छात्र की सहायता सम्बन्धित छात्रों को तथा आकस्मिक मृत्यु की दशा में सम्यक विचारोपरान्त अधिकतम रु. 100000.00 तक की आर्थिक सहायता सम्बन्धित छात्र के माता–पिता को दी जा सकती है। किसी भी स्थिति में प्रति वर्ष स्टूडेन्ट वेलफेयर मद में प्राप्त कुल राशि 400.00 प्रति छात्र की दर से प्राप्त कुल फीस से अधिक राशि की सहायता नहीं दी जायेगी। तथा छात्र के चयन एवं सहायता राशि प्रस्तावित करने के लिये मा0 कुलपति महोदय द्वारा समिति के गठन की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है।

उक्त प्रस्ताव पर समिति द्वारा विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

उक्त धनराशि स्टूडेन्ट वेलफेयर मद से वहन किया जायेगा।

**13–10 विश्वविद्यालय के आगामी सत्र 2019–20 के लिए फीस स्ट्रक्चर में विभिन्न परिवर्तनों के फलस्वरुप हास्टलर की फिस में मात्र रु. 200.00 की बृद्वि का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय के आगामी सत्र 2019–20 के लिए फीस स्ट्रक्चर में विभिन्न परिवर्तनों के फलस्वरुप हास्टलर की फीस में मात्र रु. 200.00 की बृद्वि पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**13–11 कम्प्यूटर सांइस एण्ड इन्जीनियरिंग विभाग के प्रयोगशालाओं में Networking को उच्चीकरण ए.सी., फैन आदि के कय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा कम्प्यूटर सांइस एण्ड इन्जीनियरिंग विभाग के प्रयोगशालाओं में Networking को उच्चीकरण ए.सी., फैन आदि के कय किये जाने के प्रस्ताव पर रु. 11.00 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

**13–12 विद्युत कण अभियंत्रण विभाग में प्रयोगशालाओं के डेबलपमेन्ट एवं Networking के कार्यो को कराये जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विद्युत कण अभियंत्रण विभाग में प्रयोगशालाओं के डेबलपमेन्ट एवं Networking के कार्यो को कराये जाने के प्रस्ताव पर रु. 120.29 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

उक्त व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

15.02.19

13–13 **यांत्रिक अभियंत्रण विभाग में फोटो कापी मशीन, कम्प्यूटर एवं नये लैब के प्रयोग हेतु मशीनो के क्रय तथा Networking किये जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा यांत्रिक अभियंत्रण विभाग में फोटो कापी मशीन, कम्प्यूटर एवं नये लैब के प्रयोग हेतु मशीनो के क्रय तथा Networking किये जाने के प्रस्ताव पर रु. 82.66 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

13–14 **बकाया सम्परीक्षा शुल्क प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 30 लाख से बढ़ाकर 50 लाख जमा किये जाने का प्रस्ताव।**

चुकि शासन द्वारा दिनांक 01 अक्टूबर 2018 से सम्परीक्षा शुल्क समाप्त किये जाने का निर्णय लिया जा चुका है।

अतः समिति द्वारा बकाया सम्परीक्षा शुल्क माफ किये जाने विषयक पत्र शासन को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया। अवशेष सम्परीक्षा शुल्क वित्तीय वर्ष 2018–19 में 30 लाख मात्र जमा किये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। शेष अवशेष धनराशि रु. 12583800.52 के भुगतान के सम्बन्ध में शासन से मार्ग दर्सन प्राप्त होने के उपरान्त कार्यवाही किये जाने पर समिति ने सहमति व्यक्त की।

13–15 **निर्माण एवं रख–रखाव अनुभाग से 240 क्षमता पुरुष छात्रावास, 30 अद्‌द टाईप–III आवासो का निर्माण का कार्य, सड़को का सुद्‌ढ़ीकरण चौडीकरण पटरी विकास कार्य, एवं छात्रावासों की रंगाई–पुताई जीर्णोद्वार का कार्य किये जाने का प्रस्ताव।**

समिति को अवगत कराया गया कि निर्माण एवं रख–रखाव अनुभाग से 240 क्षमता पुरुष छात्रावास, 30 अद्‌द टाईप–III आवासो का निर्माण का कार्य, सड़को का सुद्‌ढ़ीकरण चौडीकरण पटरी विकास कार्य, एवं छात्रावासों की रंगाई–पुताई जीर्णोद्वार का कार्य किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, प्रस्तुत प्रस्ताव के सापेक्ष आगणन पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

13–16 **केन्द्रीय शोध परियोजनाओं में कार्यरत प्रोजेक्ट फेलो एवं UGC/CSIR की JRF की स्कालरशिप में की गयी वृद्धि के दृष्टिगत विश्वविद्यालय में रिसर्च कम टिचिंग फेलो के रूप में कार्य कर रहें शोधार्थियों को दिये जा रहे स्कालरशिप रू0–22,000 प्रति माह के स्थान पर रू0–25,000 प्रति माह स्कालरशिप दिये जाने का प्रस्ताव।**

समिति को अवगत कराया गया कि केन्द्रीय शोध परियोजनाओं में कार्यरत प्रोजेक्ट फेलो एवं UGC/CSIR की JRF की स्कालरशिप में की गयी वृद्धि के दृष्टिगत विश्वविद्यालय में रिसर्च कम टिचिंग फेलो के रूप में कार्य कर रहें शोधार्थियों को दिये जा रहे स्कालरशिप रू0–22,000 प्रति माह के स्थान पर रू0–25,000 प्रति माह स्कालरशिप वित्तीय वर्ष 2019–20 से दिये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

15.02.19

पूरक कार्यसूची : —

13—17 **<u>ए0के0टी0यू0 के दीन दयाल गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम अन्तर्गत विश्वविद्यालय Renovation of workshop building including construction of one boys and one Girls toilet blocks in workshop कार्य की कार्यदायी संस्था के नामांकन के संबंध में।</u>**

समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि इस सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था नामित करने हेतु "उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद" व "उत्तर प्रदेश लोकनिर्माण विभाग" दोनो का नाम संस्तुत कर दिया जाय, जिससे इनमे से किसी एक को ए0के0टी0यू0 द्वारा कार्यदायी संस्था नामित किया जा सके इस आशय का पत्र ए0के0टी0यू को प्रेषित किया जाय।

13—18 **<u>प्रवेश परीक्षा 2019 हेतु विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों का पारिश्रमिक एवं परीक्षा प्रश्न पत्र से सम्बन्धित गोपनीय कार्य हेतु भुगतान किये जाने वाले पूर्व के दरो में आशिक संशोधन का प्रस्ताव।</u>**

समिति द्वारा प्रवेश परीक्षा 2019 हेतु प्रस्तावित आंशिक संशोधन की दरे संलग्नक A-1एवं A-2 के अनुसार दिये जाने के प्रस्ताव पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

बैठक अन्त मे, अध्यक्ष महोदय को धन्यबाद सहित समाप्त हुई।

15.02.19
(श्री अमर सिंह)
वित्त नियंत्रक
सदस्य / सचिव

अनुमोदित
15.02.19
(प्रो0 श्रीनिवास सिंह)
कुलपति / अध्यक्ष